# T-222303–B

## विषय : अर्थशास्त्र
## Subject : Economics

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 80
[ Maximum Marks : 80

---

*निर्देश* : (*i*) सभी प्रश्नों को हल कीजिए।
***Instructions*** : All questions are compulsory.

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आवंटित है।
Question Nos. 1 to 8 are very short answer type questions. Each question carries 1 mark.

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 9 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *50* शब्द है)
Question Nos. 9 to 12 are short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word-limit of answer is *50* words)

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 13 से 18 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *75* शब्द है)
Question Nos. 13 to 18 are long answer type questions. Each question has internal choice. Each question carries 4 marks. (Maximum word-limit of answer is *75* words)

(*v*) प्रश्न क्रमांक 19 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *250* शब्द है)
Question Nos. 19 to 24 are long answer type questions. Each question has internal choice. Each question carries 6 marks. (Maximum word-limit of answer is *250* words)

प्रश्न-1 सामान्य वस्तु से आप क्या समझते हैं ? [1]

What do you understand by Normal Object?

प्रश्न-2 अति अल्पकालीन बाजार किसे कहते हैं ? [1]

What is called Very Short-term Market?

प्रश्न-3 सकल घरेलू उत्पाद किसे कहते हैं ? [1]

What is called Gross Domestic Product?

प्रश्न-4 'स्टॉक' क्या है ? [1]

What is 'Stock'?

प्रश्न-5 भारत में करेंसी नोट कौन-सा बैंक जारी करता है ? [1]

Which bank issues currency notes in India?

प्रश्न-6 साख मुद्रा क्या है ? [1]

What is Credit Money?

प्रश्न-7 सार्वजनिक आय से सार्वजनिक व्यय की अधिकता क्या कहलाती है ? [1]

What is the excess of public expenditure over public income called?

प्रश्न-8 राजस्व प्राप्तियाँ क्या हैं ? [1]

What are Revenue Receipts?

प्रश्न-9 माँग में विस्तार एवं माँग में वृद्धि में तीन अंतर लिखिए। [1+1+1=3]

Write three differences between expansion in demand and increase in demand.

प्रश्न-10 "पूर्ण प्रतियोगिता बाजार के अंतर्गत एक वस्तु के समान मूल्य होने की प्रवृत्ति पायी जाती है।" सिद्ध कीजिए। [3]

"In Perfect Competition Market, the tendency of one price for one commodity is prevailed." Prove.

प्रश्न-11 एक देश के सामान्य निवासी से आप क्या समझते हैं ? [3]

What do you understand by Ordinary Resident of a country?

प्रश्न-12 सार्वजनिक वस्तु सरकार के द्वारा ही प्रदान की जानी चाहिए। क्यों ? व्याख्या कीजिए। [3]

Public Goods should be provided by the Government only. Why? Explain.

प्रश्न-13 राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटा में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई *चार*)।

Explain the difference between Revenue Deficit and Fiscal Deficit

*अथवा*

*OR*

भारत में सार्वजनिक व्यय में वृद्धि के कारणों को लिखिए (कोई *चार*)।

Write the causes of increase of Public Expenditure in India (any *four*).

[1+1+1+1=4]

प्रश्न-14 एकाधिकारी प्रतियोगिता की विशेषताएँ लिखिए (कोई *चार*)।

Write the characteristics of Monopolistic Competition (any *four*).

*अथवा*

*OR*

अल्पकाल एवं दीर्घकाल में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई *चार*)।

Distinguish between Short Period and Long Period (any *four*).

प्रश्न-15 व्यष्टि और समष्टि अर्थशास्त्र की पारस्परिक निर्भरता को स्पष्ट कीजिए (कोई *चार*)।

[1+1+1+1=4]

Explain the interdependence of Micro- and Macro-economics (any *four*).

*अथवा*

*OR*

केन्द्रिकृत योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था तथा बाजार अर्थव्यवस्था में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई *चार*)।

Distinguish between Centrally Planned Economy and Market Economy (any *four*).

प्रश्न-16 निम्नलिखित समंकों से आय विधि के द्वारा राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए : [2+2=4]

| मदें | व्यय ( करोड़ रुपये में ) |
|---|---|
| (*i*) कर्मचारियों का पारिश्रमिक | 15,000 |
| (*ii*) लगान | 5,000 |
| (*iii*) लाभ | 25,000 |
| (*iv*) ब्याज | 5,000 |
| (*v*) मूल्यह्रास | 1,000 |
| (*vi*) सकल घरेलू विनियोग | 25,000 |

Calculate the National Income by the income method from the following data :

| Items | Expenditure (in crore rupees) |
|---|---|
| (*i*) Remuneration of employees | 15,000 |
| (*ii*) Rent | 5,000 |
| (*iii*) Profit | 25,000 |
| (*iv*) Interest | 5,000 |
| (*v*) Depreciation | 1,000 |
| (*vi*) Gross domestic investment | 25,000 |

अथवा

*OR*

निम्नलिखित आँकड़ों से व्यय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय की गणना कीजिए :

| मदें | व्यय ( करोड़ रुपये में ) |
|---|---|
| (*i*) वेतन व मजदूरी | 4,000 |
| (*ii*) किराया | 700 |
| (*iii*) लाभ | 1,300 |
| (*iv*) ब्याज | 500 |
| (*v*) उपभोग व्यय | 4,000 |
| (*vi*) सकल घरेलू विनियोग | 1,500 |
| (*vii*) शुद्ध विदेशी विनियोग | 1,000 |

Calculate the National Income by expenditure method from the following data :

| Items | Expenditure (in crore rupees) |
|---|---|
| (*i*) Salary and wages | 4,000 |
| (*ii*) Rent | 700 |
| (*iii*) Profit | 1,300 |
| (*iv*) Interest | 500 |
| (*v*) Consumption expenditure | 4,000 |
| (*vi*) Gross domestic investment | 1,500 |
| (*vii*) Net foreign investment | 1,000 |

प्रश्न-17 तरलता पाश क्या है ? रेखाचित्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए। [2+2=4]

What is Liquidity Loop? Explain with the help of diagram.

*अथवा*

***OR***

बैंकों के महत्व लिखिए (कोई ***चार***)। [1+1+1+1=4]

Write the importance of Banks (any ***four***).

प्रश्न-18 राज्य सरकार के कर से आय के स्रोतों को लिखिए (कोई ***चार***)। [1+1+1+1=4]

Write the sources of income from tax of State Government (any ***four***).

---

*अथवा*

***OR***

अर्थव्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने के लिए सरकारी बजट की आवश्यकता क्यों होती है ? समझाइए।

Why Government Budget is needed to run the economy smoothly? Explain.

प्रश्न-19 सीमांत उपयोगिता एवं कुल उपयोगिता में पारस्परिक संबंध को तालिका एवं रेखाचित्र के माध्यम से स्पष्ट कीजिए। [2+2+2=6]

Explain the mutual relationship between Marginal Utility and Total Utility with the help of table and diagram.

*अथवा*

***OR***

माँग के नियम की सचित्र व्याख्या कीजिए।

Explain the Law of Demand with diagram.

प्रश्न-20 पूर्ति में परिवर्तन का संतुलन मूल्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ? रेखाचित्र द्वारा समझाइए। [3+3=6]

What is effect of change in supply on equilibrium price? Explain with diagram.

अथवा

*OR*

संतुलन कीमत तथा मात्रा किस प्रकार प्रभावित होती हैं, जब उपभोक्ताओं की आय में–

(अ) वृद्धि होती है;

(ब) कमी होती है ? [2+2+2=6]

How are equilibrium price and quantity affected, when a consumer's income–

(*a*) increases;

(*b*) decreases?

**प्रश्न-21** रिजर्व बैंक की स्थापना किन-किन उद्देश्यों को लेकर की गयी है ? स्पष्ट कीजिए (कोई छ:)। [1+1+1+1+1+1=6]

For what purposes has the Reserve Bank been established? Explain (any *six*).

अथवा

*OR*

मुद्रा के कार्यों को लिखिए (कोई छ:)।

Write the functions of Money (any *six*).

**प्रश्न-22** माँग के नियम के लागू होने के कारणों को लिखिए (कोई छ:)। [1+1+1+1+1+1=6]

Write the causes of implementation of Law of Demand (any *six*).

अथवा

*OR*

उपयोगिता से क्या आशय है ? उपयोगिता की कोई पाँच विशेषताएँ लिखिए। [1+5=6]

What is meant by Utility? Write any five characteristics of utility.

**प्रश्न-23** अपूर्ण प्रतियोगिता बाजार की विशेषताएँ लिखिए (कोई *छः*)। [1+1+1+1+1+1=6]

Write the characteristics of Imperfect Competition Market (any *six*).

***अथवा***

***OR***

बाजार मूल्य एवं सामान्य मूल्य में अन्तर स्पष्ट कीजिए (कोई *छः*)।

Distinguish between Market Price and Normal Price (any *six*).

**प्रश्न-24** राष्ट्रीय आय के अनुमान की व्यय विधि के प्रयोग में क्या सावधानियाँ रखनी चाहिए? लिखिए। [1+1+1+1+1+1=6]

What precautions should be taken while calculating National Income by Expenditure Method? Write.

***अथवा***

***OR***

राष्ट्रीय आय के महत्व को स्पष्ट कीजिए (कोई *छः*)।

Explain the importance of National Income (any *six*).